## खबर संक्षेप

### केसला के दौरे पर कलेक्टर को पीड़ित आदिवासियो ने बताई पीड़ा और सौंपा ज्ञापन



**नर्मदापुरम।** हमारा गांव संगठन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी पीड़ा बताई। कलेक्टर सोमेश मिश्रा केसला ब्लॉक के दौरे पर बुधवार को पहुंचे थे। क्षेत्र के दौरे के बीच कलेक्टर से संगठन केपदाधिकारी मिले और ज्ञापन दिया । पदाधिकारियों ने अवगत कराया की पिछले महीने वन विभाग के दो आदिवासी चौकीदारों को बंधक बनाकर पीटा गया। ब्लॉक केसला के दौरे पर पहुंचे नर्मदापुरम कलेक्टर सोमेश मिश्रा से जहां दोनों आदिवासी चौकीदार डोरीलाल लविस्कर और रामचरण चौहान हमारा गांव संगठन के प्रदेश संयोजक एवं अन्य साथियों के साथ मिले और आवेदन देते हुए बताया कि 1 महीने से अधिक हो गया है ना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किया और ना ही वन विभाग ने कोई एक्शन लिया है । जिससे सभी में आक्रोशित है । उन्होंने कलेक्टर से जल्द ही कार्यवाही की मांग की है।

### महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मेंहदी प्रशिक्षण का 15 दिवसीय कार्यक्रम का समापन



**नर्मदापुरम।** बुधवार दिनांक 06/05/2026 कों मिर्शज्ञ शक्ति अंतर्गत ÷हब फार एम्पावरमेंट आफ वुमन ÷अंतर्गत केन्द्रीय जेल में बंदें महिलाओं के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मेंहदी प्रशिक्षण का 15 दिवसीय कार्यक्रम (22 अप्रैल से 6 मई तक) का समापन महिला एवं बाल विकास विभाग नर्मदापुरम की संयुक्त संचालक श्रीमती तृप्ति त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया , जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी के मार्गदर्शन तथा उपस्थिति में किया गया और कार्यक्रम में मेंहदी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली जेल में निरुद्ध महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। वन स्टाप सेंटर प्रशासक प्रतिभा बाजपेयी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गयाँ जेल सहायक अधीक्षक हितेश बंडिया द्वारा कार्यक्रम में आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में जेल उप अधीक्षक प्रहलाद सिंह बरखडे, व्यूटीशियन नीलिमा बाथरे, परामर्शदात्री भागवती बिष्ट, केस वर्कर शिखा वर्मा, पूजा खरवार उपस्थित रहीं।

### कलेक्टर ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए चयनित कर्मचारी को प्रदान किया नियुक्ति पत्र



**नर्मदापुरम।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने अनुकंपा नियुक्ति के लाभार्थी को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए चयनित कर्मचारी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि मन लगाकर तथा ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम द्वारा कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम में सहायक ग्रेड-03 के रिक्त पद पर विभागीय अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के परीक्षण हेतु गठित समिति के निर्णय अनुसार सुश्री श्वेता हर्णे निवासी महर्षि नगर एमआईजी 07 सूरजगंज इटारसी को अनुकंपा नियुक्ति दी गई। इस दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने सुश्री हर्णे को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा कि मेहनत और लगन के साथ कार्य कर विभाग की अपेक्षाओं पर खरे उतरें।

### हरदा में दूषित खाद्य पदार्थो की बिक्री पर प्रतिबंध

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संक्रामक बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश हैजा विनियम 1979 के तहत मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए पूरे हरदा जिले को अधिसूचित क्षेत्र घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार, हरदा जिले में स्थित उपहार गृहों, भोजनालयों और होटलों में दूषित मिठाइयों, सड़े-गले फलों, दूषित सब्जियों, दूषित मांस, मछलियों और अंडों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। इसके अतिरिक्त, ताजी मिठाइयां, नमकीन, फल, सब्जियां, दूध, दही, चाय, कॉफी, शरबत, मांस, मछली, अंडे और आइसक्रीम जैसे खाद्य पदार्थों को खुले में नहीं बेचा जा सकेगा। इन्हें जालीदार ढक्कनों से ढककर बेचना अनिवार्य होगा।

# मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने किया देर रात को बाजार क्षेत्र का निरीक्षण

## दुकानदारों द्वारा सड़क पर कचरा फैंकने पर हुई नाराज और दी समझाइश, अब होगा जुर्माना

**पीपुल्स प्रवक्ता नर्मदापुरम।**




मंगलवार देर रात करीब 10:30 बजे मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान से निकले कचरे को सड़क पर फैंकने पर नाराजगी जताई तथा दुकानदारों को समझाइश दी गई। साथ ही दोबारा कचरा मिलने पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। दुकानदारों को समझाइश देते हुए कहा कि यह नगर आपका अपना है इसे स्वच्छ रखना भी आपकी और हमारी जिम्मेदारी है। दुकानों और संस्थानों के सामने डस्टबिन रखें। कचरा वाहन आने पर कचरा उसी में डालें। नपा की स्वच्छता टीम का सहयोग करें और अपनी जिम्मेदारी समझें। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद राजेंद्र उपाध्याय मौजूद रहे। प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले मार्गदर्शन में एवं स्वच्छता प्रभारी उपयंत्री दीक्षा तिवारी के निर्देश पर नगर में तेजगति से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। श्री तिवारी ने बताया कि देर रात मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती पटले द्वारा बाजार क्षेत्र के प्रमुख पाइंटों का निरीक्षण किया गया। जहां दुकानदारों ने अपनी दुकान का कचरा सड़क पर ही फैंक दिया था। जिससे नाराज मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती पटले द्वारा समझाइश दी गई। साथ ही दोबारा कचरा सड़क मिलने पर संबंधित पर जुर्माने के निर्देश दिए गए। श्री तिवारी ने बताया कि बाजार क्षेत्र में दोनों टाइम कचरा वाहन पहुंचाए जा रहे हैं। नपाध्यक्ष नीतू यादव द्वारा नगर के नागरिकों से आग्रह किया है कि दुकानों, संस्थानों और घरों का कचरा सड़क पर न फैंकें। इससे गंदगी तो फैलती है साथ ही आवारा पशु भी इन्हें खाने के लिए आते हैं। बाजार क्षेत्र में दोनों समय पर कचरा वाहन पहुंचाया जा रहा है। अपनी दुकानों से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन में रखें। कचरा वाहन आने पर कचरा उसी में डालें। आपके सहयोग से ही हमारा नगर नंबर 01 बनेगा। ध्यान रहे कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत नगर को सुपर 75 शहरों में शामिल किया गया है। जिसके चलते नगर को स्वच्छ बनाने के लिए अनेक प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। नागरिकों से आग्रह है कि नगर को स्वच्छ रखने में आप सभी सहयोग करें।

## थाना इटारसी पुलिस ने 12 घण्टे के भीतर 13 लाख की चोरी का खुलासा किया

**पीपुल्स प्रवक्ता नर्मदापुरम/इटारसी।**



मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनाँक 04/05/26 को सराफा मार्केट तुलसी ज्वेलर्स के संचालक फरियादी राकेश अग्रवाल द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराई गई, कि माह अंत में उसके द्वारा दुकान का हिसाब करने पर पाया गया कि दुकान से सोने के मंगलसूत्र में 10 पेंडेल कीमती करीब 13.00.000/- (तेरह लाख रुपये) के गायब है, जिसे फरियादी तथा उनके भाई द्वारा बार बार ढूँढने का प्रयास करने एवं हिसाब मिलाने पर भी नहीं मिले, जिसके चोरी हो जाने की पूर्ण शंका होने पर फरियादी के चताए अनुसार थाना इटारसी में अप.क्र. 405/26 धारा 305 (ए) बी एन एस का कायम कर विवेचना में लिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एवं अति. पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन द्वारा तुरंत टीम बनाकर त्वरित एक्शन लेने हेतू आदेशित किया गया। जिस पर एस डी ओ पी इटारसी द्वारा थाना इटारसी से टीम का गठन किया गया, जिस पर विवेचना के दौरान तुलसी ज्वेलर्स पहुँचकर दुकान का निरीक्षण किया गया जहाँ निरीक्षण दौरान पाया गया कि दुकान पर सी सी टी व्ही कैमरे नहीं लगे हुए है, साथ ही पूछताछ पर जानकारी प्राप्त हुई कि दुकान का ही एक कर्मचारी गौरव नामदेव करीब 15 दिनो से काम पर नहीं आ रहा है, जिस पर गौरव नामदेव को थाना लाकर पूछताछ की गई। पहले तो गौरव नामदेव द्वारा बताया गया कि वह अपने ईलाज तथा कुछ सामाजिक कार्यक्रमो हेतू शहर एवं प्रदेश से बाहर गया हुआ था। परंतु सायबर टीम से प्राप्त जानकारी गौरव की बातों को झूठा साबित कर रही थी। जिस पर गौरव से विस्तृत पूछताछ की गई, जिसके द्वारा अंततः बताया गया कि मैं जानता था कि माह के अंत में ही दुकान का हिसाब होगा। इसलिए मैंने दिनाँक 17/04/26 को दुकान से सोने के 10 पेंडेल निकाल लिए थे और दकान नहीं जा रहा था। मामले में विवेचना दौरान आरोपी गौरव नामदेव निवासी दर्जी मोहल्ला इटारसी के घर से सोने के सभी 10 मर्गलसूत्र के पेण्डेल कीमत करीब 13,00,000/- रुपये के जप्त कर लिए गए है। उक्त कार्यवाही में महत्वपूर्ण भूमिका निरीक्षक गौरव बुंदेला, उनि विपिन पाल, प्र. आर. मनमोहन अहिरवार, आर. महेन्द्र गुर्जर, आर. राजकुमार झपाटे सायबर टीम से आर. संदीप एवं आर. दीपेश की रही।

## आधार सेवाओं को सुगम बनाने के उद्देश्य से 9 मई को विशेष अभियान

**यह सुविधा राजगढ़ ब्यावरा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, कुरावर, जीरापुर, खिलचीपुर और खुजनेर के उपडाकघरों में उपलब्ध रहेगी**

**पीपुल्स प्रवक्ता, खिलचीपुर।**



राजगढ़ जिले में आधार सेवाओं को सुगम बनाने के उद्देश्य से 9 मई को विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा। यह अभियान सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा, जिसमें नागरिकों को आधार नामांकन और अपडेट से जुड़ी सभी सुविधाएं एक ही दिन में उपलब्ध कराई जाएंगी। यह सुविधा राजगढ़ प्रधान डाकघर के अलावा ब्यावरा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, कुरावर, जीरापुर, खिलचीपुर और खुजनेर के उपडाकघरों में उपलब्ध रहेगी। नाम, पता, मोबाइल सहित सभी जरूरी अपडेट होंगे इन केंद्रों पर नागरिक अपने आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर और बायोमेट्रिक विवरण जैसे आवश्यक संशोधन करवा सकेंगे। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे 7 और 8 मई को अपने नजदीकी डाकघर से टोकन प्राप्त कर लें, ताकि 9 मई को बिना भीड़भाड़ के उनका कार्य आसानी से हो सके।

## नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**पीपुल्स प्रवक्ता नर्मदापुरम।**




भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी म. प्र. राज्य शाखा भोपाल के दिए गए निर्देश के परिपालन में कलेक्टर एवं अध्यक्ष सोमेश मिश्रा, चैयरमेन अरुण शर्मा, सचिव डॉ. हर्षल काबरे के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस के संस्थापाक सर हेनरी डुयनॉट के जन्मदिन 8 मई विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर दिनांक ्र्क्क 2 से 8 मई 26 तक साप्ताहिक गतिविधिया अंतर्गत नशा मुक्ति अभियान आयोजन बस स्टैंड नर्मदापुरम में किया गया। जिसमें बस ड्राइवर, कंन्डक्टर एवं यात्रियों को नशा मुक्ति के गुण दोष की जानकारी दी। बसों में पेपमलेट चस्पा कर वितरण किये, तथा कैसर हॉस्पिटल की और से स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। लगभग 300 अधिक से अधिक लोगो की जांच व उपचार कर रेडक्रॉस द्वारा दवा प्रदान की गई । इस अवसर पर अरुण शर्मा चैयरमेन, डॉ. हर्षल काबरे सचिव, श्री प्रमोद कापसे क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी , श्री कासदे, ड़ी एस दांगी, मुकेश श्रीवास्तव, डॉ. राजेश माहेश्वरी, नीरजा फौजदार, विपिन जैन, विजय श्रीवास्तव, उदित दिवेदी, शेरसिंह बड़कुर, सुनील दीक्षित, मुकेश बड़कुर, कैंसर हॉस्पिटल स्टॉप, बी आर डी कॉलेज जेड प्लस अकॉडमी की छात्र- छात्राये एवं स्टॉप उपस्थित रहा।

## नर्मदापुरम में सिटी मजिस्ट्रेट ने किया निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण



**पीपुल्स प्रवक्ता नर्मदापुरम।**

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती हेमेश्वरी पटले सहित अन्य अधिकारियों द्वारा नगरीय निकाय नर्मदापुरम क्षेत्र में विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अमृत योजना अंतर्गत निर्माणाधीन जलापूर्ति संरचना का अवलोकन करते हुए कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता की समीक्षा की गई। साथ ही मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के तहत निर्माणाधीन नालों के कार्यों का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आवारा स्वान प्रबंधन के संबंध में जारी निर्देशों के अनुपालन में बनाए जा रहे स्वान आश्रय स्थल का भी निरीक्षण किया।

## कतिया समाज ने विधायक का पुतला फूंका

**हरदा।** बुधवार को हरदा के तेजाजी चौक पर कतिया समाज ने कांग्रेस विधायक डॉ. आर.के. दोगने का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। समाज ने विधायक पर एससी-एसटी युवा संगठन के प्रदेशाध्यक्ष राहुल पवारे को सार्वजनिक रूप से दलाल कहने का आरोप लगाया है। समाज के सदस्यों का कहना है कि विधायक डॉ. आर.के. दोगने ने युवा समाजसेवी राहुल पवारे को अपमानित किया। राहुल पवारे कतिया समाज के युवा प्रदेशाध्यक्ष और अनुसूचित जाति-जनजाति युवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष हैं। घटना 3 मई को हरदा के शासकीय अस्पताल में हुई थी। राहुल पवारे एक आदिवासी व्यक्ति रामदास कोरकू, निवासी पिपलिया छिदगांवमेल, के परिवार को न्याय दिलाने के लिए वहां मौजूद थे। रामदास कोरकू को पुलिस गायों के ट्रेन से कटने के मामले में पूछताछ के लिए टिमरनी थाने लाई थी, जहां उन्होंने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिससे उनकी मृत्यु हो गई थी। अस्पताल में जय भीम आर्मी, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और मीडियाकर्मी भी मौजूद थे। जब राहुल पवारे ने एसपी और कलेक्टर के देर से आने पर सवाल उठाया, तो विधायक दोगने उन पर भड़क गए। उन्होंने कथित तौर पर राहुल पवारे को डराने-धमकाने की नीयत से सार्वजनिक रूप से %दलाल% कहा। इस घटना का वीडियो भी उपलब्ध होने का दावा किया गया है।

# आशा-उषा कार्यकर्ताओं का आंदोलन तेज, प्रदेशव्यापी विस्तार की चेतावनी

**पीपुल्स प्रवक्ता सिवनी मालवा।**



मजदूर दिवस से शुरू हुआ आशा, उषा एवं आशा पर्यवेक्षक कार्यकर्ताओं का धरना प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रहा। तहसील कार्यालय के सामने तेज धूप के बीच सैकड़ों महिला कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर डटी रहीं और जोरदार नारेबाजी की। आंदोलन का नेतृत्व जिला नर्मदापुरम अध्यक्ष बबीता चौबे कर रही हैं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो यह आंदोलन सिवनी मालवा से निकलकर पूरे जिले और फिर प्रदेश स्तर तक फैलाया जाएगा।

मुख्य मांगें शामिल पिछले 8 महीनों से लंबित मानदेय का तत्काल भुगतान मानदेय में वृद्धि राज्य कर्मचारी का दर्जा अन्य आवश्यक सुविधाएं और सुरक्षा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उन्हें अधिकारियों द्वारा दबाव और धमकियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद वे अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखे हुए हैं। एक कार्यकर्ता ने कहा कि वे दिन-रात स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान देती हैं, लेकिन उन्हें न तो उचित वेतन मिल रहा है और न ही सम्मान। धरना स्थल पर कार्यकर्ताओं का कहना है कि अब उनका धैर्य समाप्त हो चुका है और जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा। अंत में कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन से जल्द वार्ता कर समस्याओं का समाधान करने की मांग की है। स्थानीय स्तर से शुरू हुआ यह आंदोलन अब पूरे मध्य प्रदेश में आशा-उषा कार्यकर्ताओं के लिए एक प्रेरणा बनता जा रहा।

**एसबीआई का लोन नहीं चुकाने पर कोर्ट का फैसला**

## हरदा में पिता-पुत्र को 6 महीने की जेलःचेक बाउंस मामले में हुई सजा

**हरदा।** हरदा कोर्ट ने चेक बाउंस के एक मामले में कड़ा फैसला सुनाया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रेमदीप शाह ने बैंक का ऋण न चुकाने पर पिता और पुत्र दोनों को छह-छह माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, कोर्ट ने दोनों अभियुक्तों को भारतीय स्टेट बैंक की हंडिया शाखा को प्रतिकर (मुआवजा) के तौर पर कुल 12 लाख 54 हजार रुपये से अधिक का भुगतान करने का आदेश दिया है। अधिवक्ता शिव विलास सराफ के अनुसार, लक्ष्मीनारायण धनगर ने किसान क्रेडिट कार्ड के तहत 4,38,000 रुपये का ऋण लिया था। वहीं, उनके पुत्र गौरव धनगर ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 5,38,000 रुपये का ऋण प्राप्त किया था। समय के साथ ब्याज जुड़कर इन खातों में पिता पर 5,33,801 रुपये और पुत्र पर 5,99,094 रुपये की राशि बकाया हो गई थी। बैंक द्वारा बकाया राशि जमा करने के लिए लगातार तकादा किया जा रहा था। दबाव बढ़ने पर पिता-पुत्र ने ऋण भुगतान के लिए भारतीय स्टेट बैंक की हंडिया शाखा को अपने बचत खाते का एक हस्ताक्षरित चेक दे दिया। लेकिन, जब बैंक ने खाते से पैसे काटने की प्रक्रिया की तो पर्याप्त निधि न होने के कारण यह चेक बाउंस हो गया। चेक बाउंस होने के बाद, बैंक ने परक्राम्य लिखित अधिनियम 1881 की धारा 138 के तहत न्यायालय में परिवाद (शिकायत) दर्ज कराया। मामले की सुनवाई और पूरी विवेचना के बाद मजिस्ट्रेट प्रेमदीप शाह ने लक्ष्मीनारायण धनगर और गौरव धनगर को चेक बाउंस के अपराध का स्पष्ट रूप से दोषी ठहराया। जेल की सजा सुनाने के साथ ही कोर्ट ने दोनों पर आर्थिक दंड भी लगाया है। अदालत ने पिता लक्ष्मीनारायण को 5,90,902 रुपये और पुत्र गौरव को 6,63,622 रुपये का प्रतिकर एसबीआई हंडिया शाखा को देने का आदेश दिया है। न्यायालय ने अपने आदेश में सख्त हिदायत दी है कि यदि अभियुक्त इस तय मुआवजे का भुगतान नहीं करते हैं।

**सिवनी मालवा में वकीलों का आक्रोश**

# तहसील में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**पीपुल्स प्रवक्ता सिवनी मालवा।**



तहसील कार्यालय में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अनियमितताओं के विरोध में बुधवार को अधिवक्ताओं ने जोरदार विरोध जताया। बड़ी संख्या में अधिवक्ता तहसील परिसर में एकत्र हुए और कलेक्टर के नाम एसडीएम विजय राय को ज्ञापन सौंपा एवं अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान अधिवक्ताओं ने एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि तहसील कार्यालय में पदस्थ कुछ कर्मचारियों द्वारा प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक देरी की जा रही है। कई मामलों में समय पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की जाती, जिससे पक्षकारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं ने यह भी बताया कि बिना उचित प्रक्रिया के प्रकरणों को निरस्त करने और आदेश पारित करने जैसी शिकायतें सामने आ रही हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि भूमि संबंधी मामलों में रिकॉर्ड संधारण और ऑनलाइन प्रविष्टियों में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। इससे राजस्व को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ आम नागरिकों और अधिवक्ताओं को आर्थिक एवं मानसिक परेशानी उठानी पड़ रही है। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि कुछ मामलों में बिना जांच के ही आदेश पारित किए जा रहे हैं, वहीं कई प्रकरणों में आवश्यक दस्तावेज होने के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही। इसके अलावा नामांतरण, बंटवारा और अन्य राजस्व मामलों में भी पारदर्शिता की कमी बताई गई। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने प्रशासन से मांग की कि दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली में सुधार लाया जाए।

# भैरूंदा में 10 मई को मुख्यमंत्री व केंद्रीय कृषि मंत्री का दौरा, तैयारियों का निरीक्षण तेज

**पीपुल्स प्रवक्ता, भैरूंदा।**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के 10 मई को प्रस्तावित भैरूंदा दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम की तैयारियों के मद्देनजर कलेक्टर बालागुरू के. एवं केंद्रीय मंत्री के निज सचिव प्रवीण सिंह ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय से पहले पूर्ण कर ली जाएं।

उन्होंने आगमन-निर्गमन मार्ग, पेयजल, बैरिकेडिंग, पार्किंग, फायर ब्रिगेड, यातायात नियंत्रण, बैठक व्यवस्था एवं साफ-सफाई सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एएसपी सुनीता रावत ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में विधायक रमाकांत भार्गव, एसडीएम सुधीर कुशवाह, तहसीलदार सौरभ शर्मा, जनपद सीईओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं पीएम जनमन योजना (2026-27) का शुभारंभ किया जाएगा।

### परियोजनाओं को मिलेगी बड़ी मंजूरी

कार्यक्रम के दौरान 2024 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी जाएगी। पीएमजीएसवाई-IV के तहत मध्यप्रदेश में 1763 करोड़ रुपए की लागत से 2117 किलोमीटर लंबी 963 सड़कों का निर्माण होगा, जिससे 987 बसाहटों को लाभ मिलेगा। सीहोर जिले में 165 करोड़ रुपए की लागत से 209 किलोमीटर लंबी 81 सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे 84 बसाहटें लाभान्वित होंगी। वहीं, पीएम जनमन योजना के तहत 261 करोड़ रुपए की लागत से 384 किलोमीटर लंबी सड़कों को मंजूरी दी जाएगी, जिससे प्रदेश की 168 बसाहटों को लाभ मिलेगा।